प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 16.10.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :—

1. रक्षामंत्री राजनाथ सिंह कल तीन दिवसीय दौरे पर पहुंचेंगे लखनऊ : 18 अक्टूबर को ब्रह्मोस मिसाइल फ्लैग ऑफ़ सेरेमनी में करेंगे शिरकत।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संत शिरोमणि साईं चांडूराम के निधन पर जताया शोक : लखनऊ में आज अंतिम दर्शन कर अर्पित की श्रद्धांजलि।
3. 18 से 22 अक्टूबर तक भक्तों के लिए खुलेगा वाराणसी का प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर : सुबह 5 से रात 11 बजे तक होंगे मां के दर्शन।

और

4. अयोध्या में 19 अक्टूबर को दीपोत्सव में दिखेगा आस्था और आधुनिक तकनीक का संगम : ड्रोन शो और लेजर शो से जीवंत होंगे रामायण के प्रसंग।

———————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तीन दिवसीय दौरे पर कल दोपहर लखनऊ पहुंचेंगे। इस दौरान रक्षामंत्री विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। भाजपा के महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि श्री सिंह कल व्यापारी मिलन कार्यक्रम में शामिल होंगे। 18 अक्टूबर को रक्षामंत्री ब्रह्मोस

एयरोस्पेस में ब्रह्मोस मिसाइल फ्लैग ऑफ़ सेरेमनी को संबोधित करेंगे और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता समागम में हिस्सा लेंगे। रविवार को वह जानकीपुरम में कम्युनिटी सेंटर और लाइब्रेरी का लोकार्पण करेंगे और पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉक्टर एपीजे अब्दुल कलाम की प्रतिमाओं का अनावरण करेंगे। अपने लखनऊ प्रवास के दौरान रक्षा मंत्री कई स्थानीय कार्यक्रमों में भी शिरकत करेंगे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित शिव शांति आश्रम पीठाधीश्वर संत शिरोमणि साईं चांडूराम के अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने शोकाकुल श्रद्धालुओं के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। सिंधी समाज के गुरू संत शिरोमणि साईं चांडूराम का कल रात निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए अपने सोशल मीडिया संदेश में लिखा कि संत शिरोमणि श्री सांईं चांडूराम का निधन आध्यात्मिक समाज के लिए अपूर्णीय क्षति है।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ में छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दूसरे चरण में डीबीटी के माध्यम से युवाओं के खाते में छात्रवृत्ति ट्रांसफर करेंगे। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग द्वारा आयोजित समारोह के पहले चरण में

सितम्बर माह में लगभग ढाई लाख से अधिक अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों को 62 करोड़ से अधिक की धनराशि से लाभान्वित किया जा चुका है। पेश है एक रिपोर्ट....

*छात्रवृत्ति वितरण समारोह के दूसरे चरण में कल मुख्यमंत्री करीब 4 लाख 83 हजार से अधिक छात्रों को 126 करोड़ 68 लाख रुपए की छात्रवृत्ति देंगे। प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि सरकार का लक्ष्य है कि कोई भी प्रतिभाशाली छात्र आर्थिक अभाव के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि छात्रवृत्ति और शुल्क प्रतिपूर्ति योजनाओं के बजट में बढ़ोत्तरी की गई है। वर्ष 2016–17 में यह बजट 1092 करोड़ 36 लाख रुपए का था, जो अब बढ़कर 2825 करोड़ रुपए हो गया है। समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में आज बांदा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समाराह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में राज्यपाल ने मेधावी विद्यार्थियों को उपाधियाँ और पदक प्रदान किए। समारोह के दौरान कस्तूरबा गाँधी बालिका विद्यालय को 09 से 14 वर्ष की बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन लगाई गई।

————————

प्रदेश के विभिन्न जनपदों में दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की ओर से आज 'दिव्य दीपावली मेला–2025' की शुरुआत हो गई है। मेले में दिव्यांगजन द्वारा निर्मित कृत्रिम आभूषण, घरेलू सजावटी सामान, हथकरघा उत्पाद, आकर्षक मोमबत्तियाँ, मिट्टी के दीपक, बर्तन , पूजा सामग्री और कई

अन्य घरेलू उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि यह मेला दिव्यांगजन के कौशल, आत्मनिर्भरता और स्वाभिमान का प्रतीक है। इस आयोजन का उद्देश्य दिव्यांगजन द्वारा निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराना और उनके आत्मविश्वास को सशक्त बनाना है।

———————

प्रदेश के एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने आज गौतमबुद्धनगर में आयोजित स्वदेशी मेले का दौरा किया। उन्होंने मेले में लगी दुकानों का निरीक्षण किया और लोगों से बातचीत कर उनका फीडबैक जाना। इस दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कहा कि एक ज़िला एक उत्पाद योजना अब प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश पहचान बन चुकी है। बाइट.....

*जो वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट को जो प्रमोट किया गया है तमाम तरह की सुविधाएं देकर लोन देकर के उनको मार्जिन मनी से जोड़ कर के तो इसीलिए तो आज उत्तर प्रदेश से यह योजना निकली वोकल फाल लोकल की धारणा से और मोदी जी के उस विजन को आगे बढ़ाने के लिए यह स्वदेशी मेलों का आयोजन 75 जनपदों ने किया।*

———————

त्रिपुरा के मुख्यमंत्री डॉ. माणिक साहा ने आज अयोध्या पहुंचकर श्री राम जन्मभूमि मंदिर में दर्शन किया। मुख्यमंत्री साहा ने अयोध्या तीर्थक्षेत्र के बदलते स्वरूप और तीव्र

विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि अयोध्या नगरी आज एक नए, भव्य और दिव्य स्वरूप में विश्व पटल पर उभर रही है।

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घोषित जीएसटी बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को मिल रहा है। हापुड़ के अनुराग त्यागी ने जीएसटी दरों में कटौती के लिए प्रधानमंत्री का आभार जताया है। उन्होंने कहा कि बाइक की खरीद पर जीएसटी घटन के कारण उन्हें भारी छूट का लाभ मिल रहा है। बाइट....

*जीएसटी पहले 28: लगती थी। अब जो है, यह अब 18: पर आ गई है। सीधे–सीधे 10: की छूट जो गवर्नमेंट की तरफ से मिली है। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी का आभार व्यक्त करता हूं, जिससे कि मेरी पहले यह बाइक थी ₹125000 की पड़ती थी। लेकिन अभी ₹115000 की बढ़ रही है, जिसका मुझे ₹10000 का सीधा–सीधा फायदा मिल रहा है।*

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

उत्तर रेलवे इस वर्ष दीपावली और छठ पर्व के दौरान एक हजार अतिरिक्त विशेष रेलगाडियां चला रहा है। नई दिल्ली में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने बताया कि पिछले वर्ष तीन हजार आठ सौ रेलगाडियों की तुलना मे वर्तमान में विशेष टेंनों के चार हजार सात सौ से अधिक फेरे चल रहे हैं। श्री वर्मा ने बताया कि कोच वृद्धि के माध्यम से सामान्य टेंनों में दो लाख सत्तर हजार सीटें बढ़ाई गई हैं। बाइट.....

*हम लोगों की कोशिश यह है कि हम लोग ज्यादा से ज्यादा लोगों को सुविधा के साथ में उनके घरों तक पहुंचा पाएं और जब वह रिटर्न आए तो हमारे पास रिटर्न टैफिक की तैयारी हो। उसमें दो चीजें हैं, एक चीज है कि हमें एक्स्टॉ ट्रेनें और एक्स्टॉ कितनी सीटें क्रिएट करनी है या सीटिंग कैप्सिटी कितनी क्रिएट होनी है। और दूसरा कि स्टेशनों पे जो यात्री आते हैं उनके हैंडलिंग के लिए क्या सुविधाएं और बढ़ानी है।*

———————————

वाराणसी में प्रसिद्ध अन्नपूर्णा मंदिर श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए 18 से 22 अक्टूबर तक खोला जाएगा। मंदिर के महंत शंकरपुरी जी महाराज ने बताया कि स्वर्णमयी मां अन्नपूर्णा के दर्शन प्रत्येक वर्ष की तरह धनतेरस से शुरू होकर अन्नकूट पर्व तक किए जा सकेंगे। पेश है एक रिपोर्ट.....

*अन्नपूर्णा मंदिर में भक्तों को बांस फाटक कोतवालपुरा गेट से ढूंढीराज गणेश होते हुए मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा। अस्थायी सीढ़ियों से भक्त मन्दिर के प्रथम तल पर स्थित स्वर्णमयी माता के परिसर में पहुंचेंगे। गेटपर*

*ही माता का खजाना और लावा का वितरण भक्तों में किया जाएगा। मंदिर प्रबंधक काशी मिश्रा ने कहा कि धनतेरस की भोर में 4 बजे महाआरती लक्ष्मी पूजन कर 5 बजे आम भक्तों के श्राद्धलुओ के लिए मांके कपाट खोल दिए जायेंगे। मंदिर की सुरक्षा की दृष्टी से मन्दिर परिसर में दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इन पांच दिनों में प्रतिदिन भोर 5 बजे से रात 11 बजे तक भक्त दर्शन कर सकेगें। वीआईपी दर्शन का समय शाम 5बजे से 7 बजे तक रहेगा। वृद्ध और दिव्यांग को भी सुगम दर्शन का इंतजाम किया गया है। मनीष सिंह ,आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।*

———————————

**अयोध्या में 19 अक्टूबर को होने वाले दीपोत्सव में आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का संगम देखने को मिलेगा। दीपात्सव में 26 लाख दीपों की रौशनी के साथ ही म्यूजिकल ड्रोन शो और 3–डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो रामायण की झलकियां प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को अनूठा अनुभव देंगे। पेश है एक रिपोर्ट....**

*उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने 18 और 19 अक्टूबर को खास ड्रोन शो और लेजर शो की प्रस्तुति का निर्णय लिया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया है कि पिछले वर्ष दीपोत्सव में 500 ड्रोन के माध्यम से भव्य शो किया गया था। पर इस बार इसे और भव्य बनाते हुए स्वदेश निर्मित 1,100 ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की झलकियां प्रस्तुत करेंगे। शो का समापन 'त्रेता युग से नव अयोध्या' की प्रतीकात्मक झांकी के साथ होगा। वहीं, 3–डी होलोग्राफि कम्यूजिकल लेजर शो दर्शकों के सामने वास्तविक प्रतीत होने वाली छवियों के माध्यम से अनुभव को यादगार बनाएंगी। तन्मय सोनी, आकाशवाणी समाचार, अयोध्या।*

———————————

**दीपावली के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कानपुर में करीब 1 करोड़ रुपए की कीमत की**

मिलावटी खाद्य सामग्री नष्ट कर 238 लोगों पर कारवाई की। वहीं चंदौली में विभाग की टीम ने छापेमारी में 5 क्विंटल से ज्यादा नकली खोया बरामद किया। अयोध्या प्रशासन ने भी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए 8 विशेष टीमें गठित की हैं।

(समाप्त)